प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 23.05.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या के हनुमानगढ़ी में श्री हनुमत कथा मंडपम का किया लोकार्पण : कहा– भक्ति, शक्ति, बुद्धि और युक्ति का संगम है हनुमानगढ़ी।
2. प्रदेश के सभी अस्पतालों में होगी फायर सेफ्टी मॉकड्रिल : उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने लोकबंधु अस्पताल में आग की घटना की जांच के लिए गठित समिति की रिपोर्ट के बाद दिया निर्देश।
3. अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में राम दरबार की स्थापना के लिए आज मंदिर परिसर में पहुंचीं मूर्तियां : तीन जून से शुरू होंगे प्राण प्रतिष्ठा के धार्मिक अनुष्ठान।

और

4. आईपीएल में आज लखनऊ में हो रहा है रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच मुकाबला।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अयोध्या में हनुमानगढ़ी में श्री हनुमत कथा मंडपम का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने अयोध्या की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और विकासात्मक प्रगति की चर्चा करते हुए सनातन धर्म की रक्षा और इसके वैश्विक प्रचार–प्रसार के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराइ। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने

हनुमानगढ़ी को भक्ति, शक्ति, बुद्धि और युक्ति का संगम बताते हुए इसे सनातन धर्म का एक अडिग गढ़ बताया। ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि हर भारतवासी को सेना पर गर्व है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के अंत की शुरुआत हो चुकी है और आतंकवाद ही उसके अंत का कारण बनेगा। बाइट.....

*भारत के तीनों सेनाओं के द्वारा सहित रूप से किए गई कारवाई में 124 से अधिक आतंकवादी मारे जा रहे हैं तो गलती भारत की नहीं पाकिस्तान के उन लोगों की हैं जो लोग पाकिस्तान में बैठ करके आतंकवादियों को प्रशिक्षण दे रहे हैं आतंकवाद को बना रहे हैं और ये आतंकवाद मैं विश्वास के साथ कहता हूँ ये पाकिस्तान को ही ले डूबेगा एक दिना।*

इसके बाद मुख्यमंत्री श्रीरामलला के दर्शन–पूजन के लिए पहुंचे और देश और प्रदेशवासियों के कल्याण व सुख–समृद्धि की कामना की।

————————

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने लखनऊ में बताया कि लोकबंधु अस्पताल में लगी आग की जांच रिपोर्ट आ गई है। उन्होंने कहा कि घटना में कोई भी व्यक्ति उत्तरदायी नहीं पाया गया है। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि अस्पताल में आग की घटना के लिए उच्च स्तरीय जांच समिति बनायी गयी थी। जांच की रिपोर्ट के बाद प्रदेश में समस्त अस्पतालों की सुरक्षा के लिए फायर सेफ्टी मॉकड्रिल पुनः करवाने के लिए भी निर्देशित किया गया है। बाइट....

*दो अस्पताल में जो आग लगी थी, उसकी पूरी तरह से जांच करने को कहा गया था। जांच रिपोर्ट आ गई है। किसी एक व्यक्ति को अकेले जिम्मेदार नहीं माना गया है, लेकिन सुरक्षा की नजर से कई सुझाव दिए गए हैं। उनसभी दिशा निर्देशों को नीचे तक अनुपालन सभी अस्पतालों में किया जाये। ऐसे निर्देश हमने दिये है और फायर सेफ्टी आडर पुनः कराने के लिये हमने कहा है और जो भी कमिया पाई जायेंगी आडिट में उन्हें समयबद्ध ढंग से दुरूस्त किया जाये, पूरा किया जाये ऐसा हमने निर्देश दिया है।*

———————

**ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद सशस्त्र बलों के सम्मान में देश के विभिन्न हिस्सों में तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं। इसी क्रम में आज कानपुर देहात में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। वहीं बदायूं में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने गंगा नदी में नाव पर सवार होकर तिरंगा यात्रा में भाग लिया।**

———————

**सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान औरकृतज्ञता की भावना से आकाशवाणी समाचार एक विशेष श्रृंखला प्रसारित कर रहा है। इसकड़ी में आज हम परमवीर चक्र से अलंकृत फ्लाइंग ऑफिसर निर्मल जीत सिंह सेखों का स्मरण कर रहे हैं, जिन्होंने 1971 के भारत–पाकिस्तान युद्ध में श्रीनगर वायुसेना अड्डे की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया था। एक रिपोर्ट....**

*पंजाब की लुधियाना जिले में जन्मेफ्लाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिंह सिक्खों को जून 1967 में भारतीय वायुसेना में नियुक्ति मिली। वे घाटी की हवाईरक्षा के*

*लिए श्रीनगर स्थित नेट टुकड़ी में पायलट थे। भारत एक अंतरराष्ट्रीय समझौते से बंधा हुआ था कि वह श्रीनगर में अपना हवाई रक्षा विमान अड्डा नहीं बनाएगा, इसलिए पाकिस्तान के साथ शत्रुता शुरू होने पर, जल्दबाजी में श्रीनगर लाए गए पायलट न तो इलाके से परिचित थे और न ही कश्मीर की कठोर सर्दियों से परिचित थे। फिर भी युद्ध के दौरान फ्लाइंग ऑफिसर्स सिक्खो और उनके सहयोगी ने पाकिस्तानी हवाई हमलों का बहादुरी और दृढ़संकल्प के साथ मुकाबला किया। 14 दिसंबर 1971 को श्रीनगर एयर फील्ड पर 6 पाकिस्तान से सेवरजेट विमानों के एक समूह ने हमला किया। दुश्मन की विमान के ऊपर से उड़ान भरने की कोशिश करना जानलेवा खतरे को आमंत्रित करना था लेकिन, फ्लाइंग ऑफिसर सिक्खो ने अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना, अपने नेट को उड़ाकर दो हमलावरों को उलझा दिया। आखिरकार उनके विमान पर आक्रमण में वे शहीद हो गए। उन्होंने अपना उद्देश्य हासिल कर लिया कि क्योंकि दुश्मन की विमान श्रीनगर शहर और हवाई क्षेत्र पर अपने इच्छित हमले को आगे बढ़ाए बिना भाग गए। फ्लाइंग ऑफिसर निर्मल जीत सिक्खो को सर्वोच्च वीरता, उड़ान कौशल और बलिदान के लिए मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। राष्ट्र उन्हें नमन करता है। अनुपम मिश्रा, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

————————

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने आज लखनऊ में एक निजी कार्यक्रम में कहा कि आने वाले समय में प्रदेश भारत का ग्रोथ इंजन बनकर सामने आएगा। बाइट....

*2017 के बाद जो डबल इंजन चल रहा है जो परिवर्तन दिखाई दे रहा है उत्तर प्रदेश का कायाकल्प हुआ है और देश विदेश से मुझे सौभाग्य प्राप्त होता है केंद्र में मंत्रालय के दायित्व के रूप में बहुत पूरे विश्व के लोग व्यापार जगत के निवेश करने के लिए उत्तर प्रदेश में इच्छुक हैं सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री का भी एक छटा प्लांट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में स्वीकृ ति दी है इलेक्ट्रॉनिक हब उत्तर प्रदेश बन रहा है उत्तर प्रदेश देश डेवलप हो रहा है उद्योग निवेश हो रहा है।*

——————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप पादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

केंद्रीय वन पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन व विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह की अध्यक्षता में आज जनपद बलरामपुर में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक और प्रशस्ति पत्र वितरित किए।

——————————

बर्ड फ्लू के खतरे को देखते हुए इटावा सफारी पार्क में वन कर्मियों द्वारा गहन निरीक्षण और नियमित रूप से सेनेटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है। इटावा सफारी पार्क के उप निदेशक विनय कुमार सिंह ने बताया कि सफारी क्षेत्र में भारत सरकार के निर्देशों के क्रम में आज एक चिकित्सा कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें

सफारी पार्क के वन्य जीवों से जुड़े 60 कर्मचारियों के नमूने जांच के लिये एकत्रित किये गए। बाइट.....

*आज 60 लोगों के नाक और थूक के सैंपल लेकर बेसिक जांच की गई है, कोई भी संक्रमण नहीं मिला। इसलिए आज ये सैंपल कलेक्शन किया गया है और इसे मुख चिकित्सा के माध्यम से जांच किट से परीक्षण कराया गया है।*

———————

प्रदेश के अल्पसंख्यक मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने आज अरबी व फारसी की मुंशी, मौलवी यानि सेकेन्ड्री और आलिम यानि सीनियर सेकेन्ड्री का परीक्षा परिणाम जारी किया। मुंशी—मौलवो में अमेठी के मोहम्मद आकिब और आलिम में मुरादाबाद के फुरकान अली ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मुंशी मौलवी में 87 दशमलव छह छह प्रतिशत और आलिम में 94 दशमलव छह दो प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। परीक्षाफल विभागीय वेबसाइट पर अपलाड कर दिया गया है।

———————

अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में राम दरबार के लिए भगवान राम, मां सीता, लक्ष्मण जी और हनुमान जी की मूर्तियां आज परिसर में पहुंचा दी गईं। श्री राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने आज बताया कि मुख्य मंदिर में राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा के धार्मिक अनुष्ठान तीन जून से शुरू होकर पांच जून तक चलेंगे। उन्होंने कहा कि 5 जून एक ऐतिहासिक तिथि होगी। इस

दिन मुख्य मंदिर से संबंधित सभी कार्य पूरे हो जाएंगे। बाइट....

*जो धार्मिक कार्यक्रम हैं, वे सब तीन तारीख से शुरू होंगे और पाँच तारीख को खत्म होंगे। मुख्य मंदिर के जितने भी निर्माणकर्ता हैं, सबके साथ मिलकर काम पूरा हो जाएगा। ये अपने आप में एक बहुत बड़ी बात है, एक तरह से आप इसे ऐतिहासिक तारीख भी कह सकते हो। बाकी परिसर में जो निर्माण कार्य हो हो रहे है वो भी अपने कार्यक्रम के अनुसार लगभग सितम्बर–अक्टूबर में पूर्ण होने की संभावना है।*

———————

जनगणना कार्य निदेशालय उत्तर प्रदेश ने आज मृत्यु के कारणों के चिकित्सकीय प्रमाणन को लेकर राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें प्रदेशभर से मेडिकल कालेजों से संबंधित विषय विशेषज्ञ और कर्मचारी शामिल हुए। कार्यक्रम में निदेशक जनगणना शीतल वर्मा ने कहा कि मृतक का अंतिम उपचार करने वाले डॉक्टर द्वारा मृत्यु के कारण को निर्धारित प्रारूप पर प्रमाणित करना अनिवार्य होता है।

———————

आईपीएल 2025 में आज रॉयल चलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच लीग चरण का मुकाबला लखनऊ के भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम में खेला जा रहा है। रॉयल चलेंजर्स बेंगलुरु का लक्ष्य सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत हासिल कर नौ

साल में पहली बार लीग चरण में शीर्ष दो में जगह बनाने पर है।

———————————

प्रदेश के कई जनपदों मं रूक रूक कर बारिश और तेज आंधी से जनजीवन प्रभावित हो गया है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के लिए प्रदेश में गरज चमक के साथ बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने का अनुमान है।

(समाप्त)